वर्ष- 02 अंक- 148
छपरा
18 अप्रैल, शुक्रवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## वक्फ संशोधन कानून के बाद यूपी में पहली एफआईआर
**सरकारी जमीन पर दरगाह बनाकर झाड़-फूंक कर रहे थे;**



**बरेली,एजेंसी।** देश में वक्फ संशोधन कानून लागू होने के बाद यूपी के बरेली में पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है- कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज सरकारी जमीन को फर्जी ट्रस्ट बनाकर वक्फ में रजिस्टर्ड करवाया गया। इसके बाद दरगाह बनाकर झाड़-फूंक शुरू कर दिया। SSP अनुराग आर्य ने बताया कि इस मामले में बुधवार दोपहर 12.39 बजे सीबीगंज थाने में सब्जे अली और उनके परिवार के 11 लोगों के खिलाफ वक्फ संशोधन कानून के तहत स्न्रढ्ढक्र दर्ज की। इसमें बताया गया कि 3 बीघे सरकारी जमीन पर कब्जा किया।

## गुरुग्राम लैंड स्कैम, वाड्रा से तीसरे दिन भी पूछताछ
**बोले- राजनीतिक रूप से बदला ले रहे, यह एजेंसियों का दुरुपयोग**



**चंडीगढ़,एजेंसी।** गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से प्रवर्तन निदेशालय (ED) की गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भी पूछताछ जारी है। वह सुबह 11 बजे ED कार्यालय पहुंचे। एजेंसी अब तक वाड्रा से 2 दिनों में 8 घंटे पूछताछ कर चुकी है।इसे लेकर गुरुवार को वाड्रा ने कहा- यह राजनीतिक प्रतिशोध है। एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह गलत है। एजेंसियां देश में CM पद के किसी उम्मीदवार के पीछे पड़ जाती हैं या जब कोई पार्टी अच्छा काम कर रही होती है, तो उसे पकड़ लेती हैं। एजेंसियों पर भरोसा कैसे होगा? ED ने भाजपा के किस मंत्री या सदस्य को समन भेजा है? क्या भाजपा में सभी अच्छे हैं? क्या उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं हैं?

## आप नेता दुर्गेश पाठक के घर सीबीआई का छापा
सिसोदिया बोले- भाजपा की साजिश, गुजरात चुनाव प्रभारी बनते ही रेड



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (AAP) के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के घर गुरुवार को CBI ने छापेमारी की है। CBI अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई विदेशी फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर हो रही है। CBI ने बुधवार को आप के खिलाफ फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट आप (FCRA) के तहत केस दर्ज किया।

CBI की स्न्रढ्ढक्र के मुताबिक- विदेशों में रहने वाले 155 लोगों ने 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर 404 बार में पार्टी को कुल 1.02 करोड़ का डोनेशन दिया। कई डोनर्स ने एक ही पासपोर्ट नंबर का इस्तेमाल किया, जिससे फर्जीवाड़े का संदेह है।

आप ने जवाब में कहा- 201 विदेशी नागरिकों ने पार्टी को डोनेशन दिया। 51 ईमेल आईडी के जरिए 639 बार में ?2.65 करोड़ का दान किया। सभी डोनेशन पारदर्शी तरीके से हुए हैं और उनके पास पूरा रिकॉर्ड है। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा- गुजरात चुनाव 2027 की जिम्मेदारी मिलते ही दुर्गेश पाठक के घर CBI रेड हुई है।

**नए वक्फ कानून के तहत नियुक्तियों पर रोकः**

# अगले आदेश तक संपत्तियों की स्थितियां भी नहीं बदलेंगी; सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 7 दिन में जवाब मांगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है।

सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 110 से



120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें।CJI संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगली सुनवाई 5 मई
**सीजेआई संजीव खन्ना:** सुनवाई के दौरान एसजी मेहता ने कहा कि प्रतिवादी 7 दिनों के भीतर एक संक्षिप्त जवाब दाखिल करना चाहते हैं और आश्वासन दिया कि अगली तारीख तक 2025 अधिनियम के तहत बोर्ड और परिषदों में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अधिसूचना या राजपत्रित द्वारा पहले से घोषित उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ सहित वक्फ की स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। जवाब 7 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए। उस पर जवाब सेवा के 5 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना चाहिए।
**सीजेआई:** अगली सुनवाई से केवल 5 रिट याचिकाकर्ता ही न्यायालय में उपस्थित होंगे। हम यहाँ केवल 5 चाहते हैं। आप 5 का चयन करें। अन्य को या तो आवेदन के रूप में माना जाएगा या निपटाया जाएगा। हम नाम का उल्लेख नहीं करेंगे। अब इसे कहा जाएगा- इन री: वक्फ संशोधन अधिनियम

**बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, सुप्रीम कोर्ट से राहत**

## कहा-जिनका नाम स्कैम में नहीं, नई प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाएं; हाईकोर्ट बोला था- 26 हजार नियुक्तियां अवैध

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा- जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा- हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा- बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (SSC) को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए। बंगाल सरकार और स्स्ष्ट को 31 मई तक भर्ती का विज्ञापन जारी कर उसका पूरा शेड्यूल कोर्ट को सौंपना होगा। अगर तय समय में प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो कोर्ट उचित कार्रवाई और जुर्माना लगाएगा। हालांकि, ग्रुप ष्ट और ग्रुप ष्ठ के नॉन टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को राहत नहीं मिल है। कोर्ट ने कहा- इनमें से ज्यादातर कर्मचारियों पर आरोप सिद्ध हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने 2016 की भर्ती के 25,753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था।



## धनखड़ बोलेः अदालत राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकती
**अनुच्छेद-142 न्यूक्लियर मिसाइल बना; सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- राष्ट्रपति 3 महीने में बिल पर फैसला करें**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय की थी। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उपराष्ट्रपति ने कहा-हम ऐसे हालात नहीं बना सकते जहां अदालतें राष्ट्रपति को निर्देश दें। संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। दरअसल, अनुच्छेद 142 भारत के सुप्रीम कोर्ट को यह अधिकार देता है कि वह पूर्ण न्याय (कम्पलीट जस्टिस) करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी भी मामले में हो। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। 11 अप्रैल की रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया।
**सुप्रीम कोर्ट ने कहा**-राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

# शाह बोले- सीआरपीएफ है तो मुझे जीत का भरोसा है
**नीमच में परेड की सलामी ली; देश में नक्सलवाद के सफाए की तारीख भी बताई**

**नीमच,एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को मध्यप्रदेश के नीमच में कहा, कहीं अशांति होती है और मुझे पता लगता है कि सीआरपीएफ तैनात है तो जीत का भरोसा रहता है। शाह ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का देश से सफाया हो जाएगा। इसमें सीआरपीएफ जवानों की भी बड़ी भूमिका रहेगी। उन्होंने ये बातें सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में कही। इससे पहले शाह ने शहीद स्थल पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। समारोह में



सीआरपीएफ की 8 टुकड़ियां परेड में शामिल हुई। गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। शाह ने वीरता पदकों के लिए चयनित सीआरपीएफ जवानों को वीरता पदक भी दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए।

**अब तक 2264 जवानों ने दिया बलिदान :**अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना से अब तक 2264 जवानों ने अलग-अलग मोर्चों पर देश की सुरक्षा के लिए बलिदान दिया है। उन सभी शहीदों के परिवार को मैं कहना चाहता हूं कि 2047 में सर्वोच्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसमें आपके परिवारजन के बलिदान का बड़ा योगदान है।

सीआरपीएफ ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब भी देश में कहीं भी अशांति होती है। गृहमंत्री होने के नाते मुझे पता चलता है कि सीआरपीएफ का जवान वहां मौजूद हैं तो मैं निश्चित होकर काम करता हूं। मुझे भरोसा है कि सीआरपीएफ है तो विजय सुनिश्चित हैं

**तेलंगाना ने लू को आपदा घोषित किया**

## मृतकों के परिवार को 4 लाख मिलेंगे; जैसलमेर में पारा 46डिग्री, राजस्थान के 17 जिलों में हीटवेव

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राजस्थान में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को जयपुर, जोधपुर सहित 17 जिलों में हीटवेव की चेतावनी दी है। इनमें से 4 जिलों के लिए रेड अलर्ट है। इससे पहले बुधवार को जैसलमेर में दिन का अधिकतम तापमान 46ए सेल्सियस पहुंच गया, जो 6 साल में अप्रैल का सर्वाधिक तापमान रहा।

मध्य प्रदेश में भी बारिश के बाद गर्मी का असर बढ़ गया है। बुधवार को प्रदेश के 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। सबसे गर्म रतलाम रहा। जहां तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी तापमान बढ़ सकता है।

उधर, तेलंगाना के 28 जिलों में कम से कम 15 दिनों तक लू की आशंका है। इसे देखते हुए सरकार ने लू को आपदा घोषित



कर दिया है। सरकार ने लू लगने से मरने वालों के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता का भी ऐलान किया है। तेलंगाना ऐसा करने वाला संभवतः देश का पहला राज्य है।

गर्मी के बीच, मौसम विभाग ने क्क बिहार समेत देश के 24 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान जताया है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार में भारी बारिश की आशंका है। वहीं, छत्तीसगढ़ में ओले और बिहार, पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

जम्मू का मौसम अचानक बदला, आंधी से पेड़ उखड़े जम्मू में बुधवार शाम मौसम अचानक बिगड़ गया। तेज हवाओं और बारिश की वजह से सिविल सेक्रेटेरिएट की बाउंड्री का एक हिस्सा गिर गया। कई वाहन दीवार के मलबे की चपेट में आ गए। हालांकि किसी को चोट नहीं आई।

# हिमाचल सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**शिमला ,एजेंसी।** हिमाचल में मंडी के DC ऑफिस के बाद राज्य सचिवालय में मुख्य सचिव कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने इसके बाद सचिवालय में सुरक्षा बढ़ा दी है। बम निरोधक दस्ते ने खोजी कुत्तों के साथ मुख्य सचिवालय कार्यालय की जांच की गई। मगर जांच में कुछ नहीं मिला। धमकी भरने ईमेल के बदा सरकार सतर्क हो गई है। इसके बाद आज सचिवालय और डीसी ऑफिस मंडी में जांच के बाद ही सभी लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा, दो ईमेल प्राप्त हुई हैं। एक ईमेल मुख्य सचिव कार्यालय और दूसरी ईमेल डीसी मंडी को मिली है। दोनों की भाषा एक समान है।

अजमेर दरगाह विवाद हाईकोर्ट पहुंचा

## अंजुमन कमेटी की सिविल कोर्ट में सुनवाई पर रोक की मांग, केंद्र का तर्क- कमेटी नहीं लगा सकती याचिका



**जयपुर,एजेंसी।** अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे का मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। आज जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की कोर्ट में खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान की याचिका (मंदिर के दावे की सुनवाई पर रोक लगे) पर सुनवाई हुई। कमेटी के वकील आशीष कुमार सिंह और वागीश कुमार सिंह ने कहा- सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के किसी भी वाद पर किसी भी कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा रखी है।ये आदेश प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की कानूनी मान्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर दिया गया था। उसके बाद भी अजमेर सिविल कोर्ट इस वाद को सुन रही हैं। ऐसे में इसकी सुनवाई पर रोक लगाई जाए। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आज केंद्र सरकार की ओर से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने अंजुमन कमेटी की याचिका का विरोध करते हुए कहा- कमेटी वाद में पार्टी नहीं है।

## नड्डा की जगह कौन, पीएम आवास पर हुई अहम बैठक
**एक हफ्ते में हो सकता है फैसला; भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए 8 दावेदार**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्क्रू आवास पर पार्टी नेताओं संग अहम बैठक की। सूत्रों के मुताबिक एक हफ्ते के भीतर पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा हो सकती है।

बैठक में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के अध्यक्षों के नामों पर चर्चा हुई है। अगले दो-तीन दिनों में करीब आधा दर्जन राज्यों के अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है। इसके बाद राष्ट्रीय



अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया 20 अप्रैल के बाद कभी भी शुरू हो सकती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी में होना था, लेकिन अप्रैल आधा बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका है। जेपी नड्डा जनवरी, 2020 से राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। पार्टी संविधान के मुताबिक उनका कार्यकाल जनवरी, 2023 में खत्म हो गया, लेकिन लोकसभा चुनाव समेत कई बड़े चुनावों के मद्देनजर उनका कार्यकाल आगे बढ़ा दिया गया।

## मिथुन बोले- ममता बनर्जी बंगाली हिंदुओं के लिए खतरा
**उन्होंने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया; सीएम ने कहा था- मुर्शिदाबाद हिंसा भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत**

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून हिंसा विवाद के बीच भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा- ममता बनर्जी बंगाली हिंदुओं के लिए खतरा बन चुकी हैं। बंगाली हिंदू बेघर हैं, राहत शिविरों में खिचड़ी खाने को मजबूर हैं। उनका क्या दोष है। साथ ही उन्होंने कहा- राज्य में भाजपा नहीं, ममता बनर्जी ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाया है। वो समुदायों के बीच अशांति पैदा कर रही हैं। दरअसल, बुधवार को ममता बनर्जी ने इमामों की सभा में कहा था- मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, BSF और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए। साथ ही कहा- यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। वह सबसे बड़े भोगी हैं।वहीं, ममता के आरोपों के जवाब में BSF के एक अधिकारी ने कहा- घुसपैठ कराकर हिंसा कराने की बात गलत है। बांग्लादेश बॉर्डर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है। इधर पश्चिम बंगाल पुलिस ने मुर्शिदाबाद हिंसा की जांच के लिए स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठित कर दी है। टीम में नौ अधिकारी होंगे। मुर्शिदाबाद रेंज के DIG को टीम की कमान सौंपी गई है।



## जापान भारत को 2 बुलेट ट्रेन मुफ्त में देगा :2026 की शुरुआत में डिलीवरी संभव; मुंबई-अहमदाबाद कॉरिडोर पर 71प्रतिशत काम पूरा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट) के लिए जापान भारत को दो शिंकानसेन ट्रेन E5 और E3 मुफ्त में देगा। इनकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में हो सकती है। 508 किमी लंबे कॉरिडोर में 360 किमी यानी करीब 71प्रतिशत काम लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में कॉरिडोर का कुछ हिस्सा अगस्त, 2027 में शुरू किया जा सकता है। तब तक भारत के तापमान और धूल जैसी चुनौतियों के बीच ट्रेन का ट्रायल करके महत्वपूर्ण डेटा जुटाया जाएगा। जापान इस समय बुलेट ट्रेन के E10 मॉडल पर काम चल रहा है। यह E3 और E5 की तुलना में काफी तेज और माडर्न होगा। जापान टाइम्स के मुताबिक E10 को दोनों देशों यानी भारत और जापान में एक साथ ट्रैक पर उतारने पर मंथन चल रहा है। हालांकि E10 को तैयार होने में वक्त लगेगा, ऐसे में E3 और E5 से काम चलेगा। इन दोनों ट्रेनों से मिले डेटा के आधार पर E10 को अपग्रेड करने में भी मदद मिलेगी। इन ट्रेनों में ज्यादा सामान रखने की जगह और कठोर मौसम में ढलने लायक बनाया जा रहा है।



# भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे लोजपा (रा) युवा नेता को जूस पिलाकर बीडीओ ने अनशन समाप्त कराया



**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे लोजपा (रा) युवा नेता को अमनौर बीडीओ व थानाध्यक्ष ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया. मालूम हो कि अंचल कार्यालय द्वारा जाति, आवासीय, आय तथा दाखिल खारिज परिमार्जन कराने में अवैध रूप से राशि की उगाही कराने के खिलाफ कार्रवाई मांग को लेकर बुधवार से लोजपा (रा) युवा नेता आदित्य कुमार उर्फ टुना सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रखंड मुख्यालय परिसर में आमरण अनशन पर बैठे थे. आमरण अनशन पर बैठे टुना सिंह ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया कि दाखिल खारिज वादों के निपटारे में दस से बीस हजार रुपये की उगाही राजस्व कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है. परिमार्जन के प्रत्येक आवेदन पत्रों के निष्पादन में पांच से दस हजार रुपये की मांग जाती आवासीय आय प्रमाण पत्र निर्गत दो सौ रुपये सी ओ के ड्राइवर द्वारा अवैध वसूली कराया जा रहा है. वहीं सीओ द्वारा आये दिन आवेदनकर्ताओं से दुर्व्यवहार किया जाता है. इधर दो दिनों से आमरण अनशन पर बैठने से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन व चिकित्सा पदाधिकारी के पहल पर सीएचसी में भर्ती कराया गया. जहां चिकित्सकों ने उन्हें स्लाईन चढ़ाया. इधर वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ राजीव कुमार सिन्हा व थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने लोजपा नेता आदित्य कुमार उर्फ टुना सिंह को उनके आरोपों की दो सप्ताह के अंदर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया. वहीं जूस पिलाकर आमरण अनशन को तुड़वाया।

# जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने सकरा प्रखंड में गैस सिलेंडर विस्फोट पीड़ितों से की मुलाकात

**'आवास योजना' पर उठाया सवाल, कहा योजना केवल कागजों पर है, जमीनी हकीकत से कोसों दूर**

**दैनिक खोज खबर/ मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के मझौली पचदही गांव में हाल ही में हुई गैस सिलेंडर विस्फोट की दर्दनाक घटना में दलित बस्ती के लगभग 60 से भी ज्यादा परिवार प्रभावित हुए हैं, जिसमें 4 मासूम बच्चों की मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक हादसे के बाद गुरूवार जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती सकरा प्रखंड पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने मौके पर स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सही समय पर दमकल की गाड़ियाँ नहीं पहुंच पाईं, जिससे जनहानि को टाला नहीं जा सका। उन्होंने प्रधानमंत्री



आवास योजना* पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह योजना केवल कागजों पर दिख रही है, ज़मीनी हकीकत इससे कोसों दूर है।पदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा, ÷अब समय आ गया है कि ऐसी सरकार को बदला जाए और ऐसी सरकार लाई जाए जो जनता के प्रति जवाबदेह हो। अगर जनता की सरकार आएगी तो वह निश्चित ही जनता के बारे में सोचेगी।÷

इस दौरान जन सुराज की ओर से 65 पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। पार्टी का कहना है कि जन सुराज सदैव जनता की सेवा के लिए तत्पर है और आगे भी हर संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहेगा।इस मौके पर जन सुराज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश किसान अध्यक्ष वीरेंद्र राय, जिला अध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह अशोक, रेणु पासवान, सुरेश चंचल, लक्षण देव बाबू प्रमुख रूप से शामिल रहे।राहत वितरण कार्यक्रम रामपुर मणि पंचायत भवन, मझौली पचदही, सकरा प्रखंड में आयोजित किया गया, जहाँ स्थानीय लोगों की भारी भीड़ देखी गई और उन्होंने जन सुराज के प्रयासों की सराहना की।

## मशरक में अलग-अलग घटनाओं में चार घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों से सड़क दुघर्टना में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। पहले मामले में मशरक छपरा मुख्य सड़क पर पर बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल मैरवा का अजय कुमार दुबे, फेनहरा निवास अभिषेक कुमार और मोहन महतो हैं। बताया गया कि सभी बाइक से रिश्तेदारी में शामिल हो कर वापस जा रहें थे कि मशरक छपरा मुख्य सड़क पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वहीं दूसरे घटना में लखनपुर चौंक पर तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से साइकिल सवार 10 वर्षीय लड़का घायल हालत में इमरजेंसी 112 की टीम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल लखनपुर मस्जिद निवासी नूर आलम का 10 वर्षीय पुत्र नसीर अली हैं।

**सारण की सड़कों के भविष्य को लेकर नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक**

# पटना-सारण के बीच बनेगा देश का सबसे बड़ा क्लोवर लीफ जंक्शन : रुडी

- बैठक में मंत्रालय के सचिव, संयुक्त सचिव, NHAI सदस्य, RO, मुख्य अभियंता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद
- सांसद राजीव प्रताप रूडी की पहल पर मंत्रालय ने लिया कई महत्त्वपूर्ण निर्णय



- जेपी सेतु के समानांतर केबल ब्रिज पर देश का सबसे बड़ा क्लोवर लीफ जंक्शन
- दिघवारा में ट्रम्पेट, स्पर एवं उत्तरी रिंग रोड पर विमर्श
- रेवा घाट पुल का डीपीआर समर्पित, कार्य शीघ्र शुरू
- एनएच-722 को फोर लेन से सिक्स लेन में विस्तारित करने का निर्णय

**दैनिक खोज खबर/ छपरा/नई दिल्ली।** बुधवार को नई दिल्ली स्थित परिवहन भवन में सारण सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ सारण जिले की सड़क परियोजनाओं को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर, संयुक्त सचिव विनय कुमार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सदस्य अनिल चौधरी, पटना के क्षेत्रीय अधिकारी एन. एल. येयोत्कर, मुख्य अभियंता अजमेर सिंह सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में सारण को सड़क नेटवर्क के लिहाज़ से उत्तर बिहार का प्रवेश द्वार मानते हुए अनेक महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई बड़े निर्णय लिए गए। इनमें विशेष रूप से जेपी सेतु के समानांतर बन रहे सिक्स लेन केबल ब्रिज पर यूरोपीय तकनीक पर आधारित देश के सबसे बड़े क्लोवर लीफ जंक्शन का निर्माण प्रस्तावित है, जो क्षेत्र में यातायात प्रबंधन में क्रांतिकारी सुधार लाएगा।

सांसद श्री रूडी ने बताया कि चूंकि उत्तर बिहार में प्रवेश का मुख्य मार्ग सारण जिले से होकर गुजरता है और प्रस्तावित व निर्माणाधीन संरचनाएं भविष्य में ट्रैफिक जाम की स्थिति को सीधे प्रभावित करेंगी, इसलिए भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन परियोजनाओं में समुचित प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने मंत्रालय से यह आग्रह किया कि परियोजनाओं की योजना और क्रियान्वयन के प्रत्येक चरण में परामर्श एवं समन्वय बना रहे ताकि कोई भी आवश्यक पहलू छूटने न पाए।

# बच्चों के बीच वितरित की गई पुस्तकें

**दैनिक खोज खबर/मकेर।** नये सत्र के आररम्भ में सरकार द्वारा सभी विद्यालयों को निःशुल्क पुस्तक आवंटित कर सभी विद्यालयो को उपलब्ध करा दी गई थी । ततपश्चात सभी बिद्यालय के प्रधान शिक्षक सह प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों के बीच पुस्तकें वितरित कर दी है । मालूम हो कि शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकें , डायरी , पानी की बोतल ,पेंसिल सहित अन्य सामग्री का वितरण किया है ।इस सत्र में भी पुस्तक डायरी का वितरण किया गया है ।शिक्षा विभाग हर सिस्टम को अपग्रेड कर रही हैं जो निजी स्कूलों के बच्चों को सुविधा उपलब्ध कराती हैं ।इसी मो ध्यान में रखते हुए सरकार शिक्षा और शिक्षकों के हित में हर एक फैसला ले रही हैं जिसमे समाज मे होने वाले बदलाव को देखा जा रहा है ,साथ ही सरकारी स्कूलों के छात्रों का परिणाम निजी स्कूलों से



बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाये गये हैं ।वही प्रखण्ड स्तर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण कर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है ।शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में शौचालय का निर्माण के साथ साफ सफाई पर ध्यान में रखते हुए चापाकल ,बोरिंग ,समरसेबुल ,बिजली के उपकरण यथा कम्प्यूटर ,पंखा सहित सभी मुलभुत सुबिधाओं पर ध्यान दे रही हैं जो शिक्षा ,शिक्षक एवम समाज हित में कारगर साबित होगा।

# भेल्दी में बर्थ डे पार्टी में विवाद के बाद चली गोली, युवक जख्मी

**दैनिक खोज खबर/ भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के रायपुरा गांव में बुधवार की देर रात बर्थ डे पार्टी के बाद किसी बात को लेकर हुए विवाद में फायरिंग हुई जिसमें गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी युवक सतीश कुमार सिंह गड़खा थाने के मैकी गांव का बताया जाता है।जख्मी युवक का प्राथमिक उपचार गड़खा सीएचसी में करने के बाद चिंताजनक स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के रायपुरा पंचायत के एक वार्ड सदस्य के यहां बुधवार की रात बर्थ डे पार्टी का आयोजन किया गया था।बर्थ डे पार्टी में जशन मनाने के बाद देर रात्रि किसी बात को लेकर आपस में विवाद शुरू हो गई और देखते ही देखते फायरिंग होने लगी।गोली लगने से गड़खा थाने के मैकी गांव का सतीश कुमार जख्मी हो गया।युवक को घयलावस्था में इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना भेल्दी पुलिस को मिलते ही छानबीन में जुट गई।भेल्दी थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना प्राप्त हुई कि रायपुरा गांव में एक पार्टी में गोली चलने व सतीश कुमार जख्मी हो गया है जिसका इलाज पटना में चल रहा है।पुलिस पदाधिकारी जख्मी युवक का बयान लेने के लिए पीएमसीएच पहुंच रहे हैं।बयान दर्ज होने के बाद दोषियों की धर-पकड़ की जाएगी।

## प्रखंड कार्यालय के लिए भूमि का किया मुआयना

**दैनिक खोज खबर मकेर(सारण)।** प्रखंड एवम अंचल कार्यालय हेतु भूमि की मुआयना किया गया है। कसबा मकेर पंचायत के राजस्व कर्मचारी देवराज के साथ अमीन एवम रैयत,मुखिया प्रतिनिधि संजीत राय उक्त भूमि की मुआयना किया ।मालूम हो कि अंचल एवम प्रखंड कार्यालय लोहिया भवन में चल रहा है जो संकीर्ण है ।कर्मियों को बैठने के लिए कठिनाई होती है ।इस लिहाज से विभाग द्वारा भूमि चयन प्रक्रिया की जा रही हैं ।पूर्व में भी कई जगहों का स्थल निरीक्षण की गई है लेकिन सरकारी भूमि की अनुपलब्धता के वजह अभी तक नही बन पायी हैं ।वही मकेर थाना भी किराया के मकान में चल रहा है लेकिन थाना के लिए भूमि चयन के पश्चात निर्माण जारी है ।वही प्रखंड कार्यालय के लिए उपयुक्त भूमि नही मिलने के कारण अभी तक अधर में लटका हुआ है ।मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथलेश राय के सक्रियता के कारण भूमि चयन में तेजी आई है ।हालांकि पूर्व में भी इस जगह को चयनीत किया गया था लेकिन सरकारी भूमि नही होने के कारण ठंढा बस्ता में पड़ा हुआ है ।बहरहाल रैयती भूमि मालिक अपनी भूमि प्रखंड कार्यालय को देने पर अपनी सहमति से अवगत कराया है।उक्त भूमि उच्चपथ संख्या 722 के पास अवस्थित है जो मिडिल सेंटर पर है।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर का शिलान्यास व हवन पूजन सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझीप्रखण्ड के महम्मदपुर में बुधवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर का शिलान्यास व हवन पूजन सम्पन्न हो गया। आचार्य अनूप मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। पूजा के मुख्य यजमान बिनय कुमार दुबे ने कहा कि यह पावन आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न होकर ग्रामवासियों की सामुहिक श्रद्धा एकजुटता और सेवा भावना का भी गवाह बना। साथ ही ग्रामीणों ने न केवल पूर्ण आस्था के साथ सहभागिता निभाई बल्कि मन्दिर निर्माण के प्रचार प्रसार की जिम्मेवारी भी स्वयं स्वीकारते हुए जनचेतना जागृत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद महम्मदपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि संकट मोचन मन्दिर का नव निर्माण कार्य न केवल ईंट आदि का संयोजन होगा बल्कि इससे ग्रामवासियों की भक्ति भावना और सामाजिक समर्पण का संचार होगा। यह आयोजन निश्चित रुप से महम्मदपुर के आध्यात्मिक इतिहास में एक स्वणृम अध्याय के रूप में अंकित होगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदामा तिवारी,राजकुमार दुबे,राहुल दुबे,बृज बिहारी लाल गुप्ता,ओमप्रकाश सोनी,सुरेश तिवारी, संजय तिवारी,लालबाबु प्रसाद हरेकृष्ण मिश्रा, राम सागर तिवारी, गोपाल दुबे एवम योगेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मारपीट में दोनों पक्ष से दो महिला सहित 10 लोग जख्मी

मढ़ौरा। थाना क्षेत्र के नौतन धर्मपुर में गुरुवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्ष से दो महिला सहित 10 लोग जख्मी हों गए। सभी जख्मी को मढ़ौरा रेफरल अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया गया है। जख्मी में कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें छपरा रेफर किए जाने की भी बात बताई गई है।। जख्मी में एक पक्ष से मो. हनीफ मियां के पुत्र 36 वर्षीय वकील आलम, 28 वर्षीय शकील आलम, 24 वर्षीय वाशिम आलम, 40 वर्षीय मोहम्मद आफताब, 60 वर्षीय मोहम्मद हनीफ का नाम बताया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से जख्मी में मोहम्मद मोबीन की 25 वर्षीय पत्नी शबरून निशा, मोहम्मद मुमताज की पत्नी 40 वर्षीय रजिया खातून, 45 वर्षीय मोहम्मद मुमताज, 40 वर्षीय मोहम्मद मोबीन और 30 वर्षीय मोहम्मद रिजवान का नाम शामिल है। घटना की जानकारी डायल 112 को मिलने पर पुलिस ने जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष में पहले से जमीनी विवाद चल रहा था। गुरुवार को उसी विवाद में कहा सूनी हो गई। इसमें दोनो पक्ष से मारपीट होने पर दस लोग जख्मी हो गए।




## सीवानप्राथमिकी कराने को ले कई दिनों तक थाने का लगाना पड़ता है चक्कर

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में हो रहे आपराधिक घटनाओं से एक तरह आम जनता परेशान है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष को प्राथमिकी कराने के लिए कई दिनों तक थाना का चक्कर लगाना पड़ता है। जिले के अधिकांश थानों के सीसी कैमरे या फिर अन्य सूत्रों से पता लगाया जाए तो इसमें पीड़ित व स्वजन प्राथमिकी हेतु थाना के पुलिस पदाधिकारियों को अपनी आपबीती बताते हुए नजर आएंगे। ऐसे ही कुछ मामले प्रकाश में आए हैं। जानकारी के अनुसार गुठनी थाना के सेलौर में अरहर की फसल काटने के विवाद में पट्टीदारों ने अश्विनी कुमार चौधरी को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस घटना में अश्विनी कुमार का सिर फट गया था। घायल का उपचार निजी व सरकारी अस्पतालों में कराया गया। आठ अप्रैल को पीड़ित ने गुठनी थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया, लेकिन थाना का चक्कर लगाने के बाद पुलिस द्वारा प्राथमिकी 16 अप्रैल को की गई। इसी तरह नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव में छह अप्रैल को एक युवती के साथ अश्लील हरकत किया गया। इस मामले में युवती द्वारा आठ अप्रैल को थाना में आवेदन दिया गया। प्राथमिकी के लिए पुलिस द्वारा कई दिनों तक थाना का चक्कर लगाने के बाद पुलिस द्वारा 15 अप्रैल को प्राथमिकी की गई है। ज्ञात हो कि सिसवन थाना की पुलिस द्वारा एक पीड़ित की प्राथमिकी समय से दर्ज नहीं की गई। इस कारण घटना का महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट हो गया। इसकी शिकायत जब मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली व पटना हुई तो मानवाधिकार के निर्देश पर हाल में ही सिसवन के तत्कालीन थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी की गई।

## झमाझम वर्षा ने दिलाई गर्मी से राहत, किसान चिंतित

**सिवान।** जिले में गुरुवार की दोपहर हुई झमाझम वर्षा ने जहां को लोगों को गर्मी से राहत दिलाई, वहीं जगह-जगह जल जमाव व कीचड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं इस वर्षा से किसानों के चेहरे पर सिकुड़न देखी गई। बताया जाता है कि किसानों की फसल खेतों खड़ी है तथा कुछ काटकर दवनी के लिए खलिहान में रखी है। वर्षा से उनकी गेहूं की फसल बर्बाद होने की आशंका से किसान काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर वर्षा नहीं होने से पंपिंग सेट से फसलों की सिंचाई किया, जब फसल तैयार हुई और काटने के समय आया तो वर्षा होकर इसे नुकसान पहुंचा रही है। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। इससे किसान अपने भाग्य को कोस रहे हैं। यह वर्षा आम, लीची एवं सब्जी की खेती के लिए लाभदायक साबित होगा। वहीं जल जमाव से कचहरी रोड, सब्जी मंडी, महादेवा, स्टेशन रोड, श्रीनगर, मखदुम सराय, फतेहपुर आदि जगहों पर कीचड़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, कई बीघा में लगी गेहूं की फसल हुई राख

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना के सिसवां कला मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार की शाम शार्ट सर्किट से आग लगने से कई बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार सहदेव सिंह के पांच कट्ठा, गुड्डू सिंह के 10 कट्ठा, दूधनाथ सिंह के पांच कट्ठा, योगेंद्र सिंह के आठ कट्ठा, त्रिभुवन सिंह के पांच कट्ठा, गौतम सिंह के 15 कट्ठा तथा वीरा रंगवा के पांच कट्ठे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

## 103 जीविका संगठनों में होगा महिला संवाद आज से

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड अंतर्गत 15 पंचायतों में जीविका समूह द्वारा बनाए गए 103 ग्राम संगठनों में 18 अप्रैल से आठ जून तक महिला संवाद का आयोजन किया जाएगा। बीपीएम अमित कुमार चौधरी ने बताया कि बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जीविका समूह के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु पूरे प्रदेश में महिला संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हुसैनगंज में इस कार्यक्रम का अनौपचारिक उद्घाटन 18 अप्रैल को छपियां में शुरू किया जाएगा। तत्पश्चात छाता पंचायत से विधिवत कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। इसके अंतर्गत महिलाओं की सशक्तीकरण हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के जरिए वीडियो क्लिप प्रसारित किया जाएगा। अब तक कितनी महिलाएं सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभांवित हुई हैं उनका अनुभव प्राप्त करने के अलावा भविष्य में सरकार से उनकी और क्या अपेक्षाएं हैं, इसकी भी जानकारी प्राप्त कर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

## धारदार हथियार से मारकर घायल करने का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महम्मदा टोला निवासी रवींद्र सिंह ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही में वीरेंद्र सिंह, पुत्र विवेक कुमार सिंह एवं अतुल कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। इस मामले में रवींद्र सिंह ने उक्त लोगों पर धारदार हथियार से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया है कि जब मैं थाना से वापस घर लौट रहा था तभी सहसरांव पेट्रोल पंप से पहले बलुआ पर पूर्व से घात लगाकर बैठे उक्त तीनों लोगों ने धारदार हथियार और राड से प्रहार कर घायल कर दिया। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जाता है।

## चलती ट्रक का चक्का निकलकर एक व्यक्ति को मारी टक्कर

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित दुर्गा शिव मंदिर के पास गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते होते बच गया जब एक चलती ट्रक का चक्का अचानक खुलकर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को धक्का मार दिया । जिससे सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति भगवानपुर गांव के विजय महतो उर्फ फौदार महतो गंभीर रूप से घायल हो गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक एन एच 331 पर बालू लाद छपरा की ओर से मलमलिया की ओर जा रही थी कि अचानक उसका एक टायर खुल गया । ट्रक चालक कुछ समझ पाता । उससे पहले तेज गति से ट्रक से खुलकर निकला टायर बगल में खड़े विजय महतो से जा टकराया ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे मौके पर ही गिर विजय महतो गिर पड़े और बेहोश हो गए । घटना देख बाजार के दुकानदारों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर हाट पहुंचाया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिवान रेफर कर दिया । हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया । पुलिस ट्रक के चालक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई तथा ट्रक पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है ।

## बसंतपुर में आपसी विवाद में जमकर हुई मारपीट, छह मंगलामुखी घायल, दो रेफर

**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर मुख्यालय स्थित बसंतपुर गांव में गुरुवार की सुबह आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। उसके बाद मामला धीरे -धीरे बढ़ता चला गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। फिर दोनों पक्षों के लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस घटना में छह मंगलामुखी घायल हो गये।बताया जाता है की बधाई गाने वालों और मंगलामुखी ने बसंतपुर गांव में अपनी अपनी तय सीमा को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट पर आ गई। बधाई गाने वालों ने लाठी और डंडा से मंगलामुखियों पर बरस पड़े और मारपीट कर घायल कर दिए। घायलों में शिवती, पूजा, रानी, ज्योति, मुस्कान और संगीता शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया जहां चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# भगवानपुर हाटः पुलिस का बुजुर्ग की पिटाई करने प्रसारित वीडियो चर्चा का विषय

**परवेज अख्तर/सीवान** भगवानपुर हाट थाना अंतर्गत संचालित डायल 112 पुलिस गाड़ी पर तैनात पुलिसकर्मियों का अमानवीय चेहरा उजागर हुआ है। इसको लेकर इंटरनेट मीडिया में छोटे -छोटे वीडियो प्रसारित हो रहा है। इसमें डायल 112 के चालक और पुलिसकर्मी एक बुजुर्ग नगवां निवासी राजेंद्र साह और युवक असगर अली को लाठी से पिटाई करने के साथ गालियां देते हुए गौ तस्कर होने का आरोप लगा रहे हैं और पुलिस की पिटाई का शिकार हो रहे बुजुर्ग एवं युवक माफी मांगते दिख रहे हैं। पुलिस द्वारा जिस तरह उक्त दोनों लोगों के साथ शब्दों का प्रयोग करते गाली देते प्रसारित वीडियो हो रहा है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के चोरौली गांव की बताई जा रही है जहां दो दिन पहले गाय गायब हो गई थी। खोजबीन के दौरान गाय के स्वामी को पता चला कि बगल के गांव में गाय देखी गई है जिसे कुछ लोगों ने अपने पास रखा है। गाय किसी महिला की थी। महिला ने नगवां गांव में अपनी गाय होने की पुष्ट सूचना पर पुलिस के 112 डायल पर सूचना दी ओर 112 डायल की गाड़ी वहां पहुंची जहां गाय रखी गई थी। इसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों लोगों की सरेआम पिटाई शुरू कर दी एवं गाली देते गाय तस्कर होने का आरोप लगाया। वैसे प्रसारित इस वीडियो की दैनिक जागरण पुष्टि नहीं करता है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में दोषी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गौ पालक महिला चोरौली निवासी ने लिखित रूप से अपनी गाय रस्सी तोड़ कर भागने की सूचना दी है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने दिया धरना

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने महाराजगंज के जिला संयोजक हिमांशु कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ धरना दिया। जिला संयोजक ने बताया कि स्नातक द्वितीय खंड का परीक्षाफल बिना जारी किए ही तृतीय खंड की परीक्षा प्रपत्र को भरने की अधिसूचना जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जारी किया था। एक दिन पूर्व ही नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को संबंधित आवेदन दिया गया था। इसका प्रमुख कारण था कि छात्रों का कहना था कि बिना परीक्षाफल घोषित हुए वे अगले खंड का परीक्षा प्रपत्र नहीं भरेंगे। छात्रों की बातों को दरकिनार करते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा प्रपत्र भरना शुरू कर दिया। परिषद के प्रदेश सह मंत्री मनोज कुमार गुप्ता का कहना था कि छात्रों की मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में चरणवद्ध आंदोलन का सामना करने के लिए भी विश्वविद्यालय को तैयार रहना होगा। इस अवसर पर शालिनी कुमारी, निशा कुमारी, माला कुमारी, प्रतिमा कुमारी, दीक्षा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियांशु कुमार, अजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

## सिसवन~ आपसी वर्चस्व को ले शिक्षकों के बीच हुई गाली गलौज के मामले की डीईओ ने की जांच

**परवेज अख्तर/सीवान** सिसवन प्रखंड के छितौली स्थित मधुसूदन उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में बीते सप्ताह आपसी वर्चस्व को ले शिक्षकों में हुई गाली गलौज की घटना की गुरुवार को डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय पहुंच कर जांच की। इस दौरान डीईओ ने संबंधित शिक्षकों से उनका पक्ष जाना।ज्ञात हो कि बीते सप्ताह विद्यालय के कार्यालय में राजनीति की बात करने, गुटबाजी करने, आपसी वर्चस्व को ले तीन- चार शिक्षकों में गरमागरम बहस हुई थी। बातें बढ़कर गाली गलौज व धमकी देने तक पहुंच गई थी। इसका किसी ने रिकार्डिंग कर लिया। यह बात स्थानीय ग्रामीणों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने सुरेंद्र शर्मा, अभय सिंह, राजू प्रसाद, प्रभारी ब्रजेश कुमार आदि शिक्षकों की शिकायत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य संतोष तिवारी से की। तब उनकी सूचना पर बुधवार को बीईओ चंद्रभान सिंह ने मामले की जांच की। ग्रामीणों ने बीईओ को बताया कि एक अप्रशिक्षित शिक्षक विद्यालय के प्रभारी है। इनकी शिक्षकों पर कोई नियंत्रण नहीं है। इस विद्यालय में पठन पाठन की व्यवस्था बेहद लचर हो गई है। प्रायोगिक परीक्षा में वसूली आम बात है। प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्यालय के अधिकांश कार्य एक स्थानीय शिक्षक से कराते है। अधिकांश शिक्षक गुटबाजी में व्यस्त रहते हैं।डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आदर्श मध्य विद्यालय छितौली, प्राथमिक विद्यालय मधवापुर,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखरी की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने एमडीएम के रसोई घर, गोदाम शिक्षकों की उपस्थिति, आनलाइन हाजिरी, सीएल पर रहे शिक्षकों के छुट्टी का आवेदन को देखा। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखरी में एक कमरे के बंद होने पर उन्होंने इसका कारण जानना चाहा। वहां उन्होंने कक्षा सात और आठ में शिक्षक उत्तम पाठक और अनूप मिश्रा से हिंदी, गणित व अंग्रेजी के कई सवाल पूछे तथा कबीर दास के दोहे की व्याख्या करने को कहा। उन्होंने बच्चों से भी कई सवाल पूछे।

# गोरेयाकोठीः हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी की मोबाइल के साथ एक अन्य भी गिरफ्तार

### पिस्टल, कट्टा, गोली, बाइक बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान** गोरेयाकोठी थाने की पुलिस ने बुधवार की शाम थाना क्षेत्र के सरेयां गांव स्थित दुर्गा मंदिर से सटे बगीचे से बड़े अपराध की योजना बनाते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूछताछ के बाद चोरी की मोबाइल के साथ चौथे बदमाश की भी गिरफ्तारी उसके घर से की गई। पूरे मामले में एक पिस्टल, एक कट्टा, पांच गोली, एक चाकू, चोरी की दो अन्य मोबाइल और बाइक बरामद की गई। चारों बदमाशों को अगली कार्रवाई के लिए गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि वे बुधवार की देर शाम को सरेयां बगीचे में वे पुअनि अंकित ओझा व पुलिस बलों के साथ अनुसंधान व छापेमारी के लिए निकले थे। जब वे जुम्मन छपरा गांव में पहुंचे तो सूचना मिली कि बाइक सवार तीन बदमाश हथियार के साथ इकट्ठा हैं एवं किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए बताए जगह के लिए प्रस्थान किया गया। जब पुलिस बगीचे में पहुंची तो तीनों बदमाश भागने की कोशिश किए, जिसे पुलिस बलों ने दबोच लिया। जब बदमाशों से पूछताछ व तलाशी शुरू की गई तो दारौंदा थाना क्षेत्र के बाल बंगरा निवासी विजय कुमार साह के पास से पिस्टल, चार गोली व एक मोबाइल, इसी गांव के शब्बू हुसैन के पास से कट्टा व एक गोली व दारौंदा थाना क्षेत्र के ही झझवां निवासी रोहित कुमार के पास से फोल्डेबल चाकू व मोबाइल बरामद किया गया। जब तीनों से पूछताछ शुरू हुई तो उन्होंने बताया कि एक लूटी गई मोबाइल झझवा के कार्तिक कुमार के पास है। कार्तिक कुमार को भी उसके घर से मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पिस्टल व बाइक के कोई कागजात बदमाश प्रस्तुत नहीं कर पाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शब्बू हुसैन का आपराधिक इतिहास भी है। उसके विरुद्ध दारौंदा थाने में ही वर्ष 2023 में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

## श्रीराम कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**रघुनाथपुर (सिवान)।** प्रखंड के चकरी बाजार स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में चल रहे शतचंडी प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के तीसरा दिन बुधवार की रात्रि में कथा वाचक पीयूष महाराज ने राम कथा सुना श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान उन्होंने याज्ञवल्क्य मुनि और भारद्वाज ऋषि के बीच संवाद सुनाया। साथ ही उन्होंने कि याज्ञवल्क्य मुनि श्रीरामकथा से पहले शिव विवाह की कथा सुनाई जिसे सुनकर महर्षि भारद्वाज भावुक हो गए। यह देखकर उन्होंने कहा कि आप वास्तव में रामजी के शुचि सेवक हैं और राम कथा सुनने के सर्वथा योग्य हैं। इसके बाद उन्होंने भगवान राम के जन्म की कथा सुनाई और उनके जन्मोत्सव पर मंगल गीत और बधाई गाए गए। ज्ञात हो कि इस महायज्ञ में 151 मूर्तियों का निर्माण किया गया है जिसे देखने दूर से लोग आ रहे हैं। वृंदावन की रासलीला और रामलीला का आयोजन भी इस महायज्ञ में हो रहा है और उत्तर प्रदेश की टीम के द्वारा प्रतिदिन रात में मनमोहक झांकी प्रस्तुत की जा रही है। आज कथा शुरू होने से पहले आचार्य मदन पांडेय द्वारा मानस पूजन किया गया और विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा, सुभाष पांडेय, मोनू कुशवाहा द्वारा पीयूष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर यज्ञ मंडप की परिक्रमा एवं पूजा करने के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं जयकार से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## महाराजगंज~तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, सनसनी

**परवेज अख्तर/सीवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के तक्कीपुर गांव स्थित एक तालाब से गुरुवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई तथा तरह-तरह की चर्चा होने लगी।बताया जाता है कि गुरुवार को ग्रामीण किसी काम से तालाब की ओर गए थे तभी तक्कीपुर गांव में महाराजगंज-पैगंबरपुर सड़क किनारे तालाब में एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया। शव मिलने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव को पानी से निकाल पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## मृतका की मां ने अज्ञात के खिलाफ की कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** ~एमएच नगर थाना के धनवती निवासी गोविंदा कुमार की हत्या मामले में मृतक की मां मंजू देवी ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कराई है। उसने आवेदन में बताया है कि मेरा पुत्र गोविंद कुमार 14 अप्रैल की शाम गांव में ही आयोजित डा. आंबेडकर के जन्मदिवस समारोह में शामिल होने गया था जो देर शाम तक घर नहीं लौटा तो स्वजनों को चिंता हुई। स्वजन एवं मित्रों द्वारा उसकी खोजबीन की जाने लगी, तभी 15 अप्रैल को अपराह्न करीब 3~30 बजे गांव के कुछ महिलाओं ने धनवती ब्रह्मस्थान के समीप स्थित बरगद के पेड़ में लटकता हुआ उसका शव देखा। उसने आरोप लगाया है कि मेरा पुत्र आंबेडकर साहब के जन्म दिवस समारोह में सक्रिय रहता था। अतः मुझे आशंका व और पूर्ण विश्वास है कि मेरे पुत्र गोविंद कुमार को अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर उसके शव को पेड़ से लटका दिया गया है। इस हत्याकांड में फोरेंसिक आदि से जांच कर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## घरेलू विवाद में हुई मारपीट मामले में 10 नामजद

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बड़कागांव बलहा निवासी मोहन साह की पत्नी सरिता देवी ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर 10 लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। इसमें वह पड़ोसी शैलेश साह, गुड्डू साह, विश्वनाथ साह, कलावती देवी, शांति देवी सहित 10 पर घरेलू विवाद में मारपीट करने का आरोप लगाया है। प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## सुनील पाठक को मिलेगा कृष्णदेव उपाध्याय भोजपुरी साहित्य का सम्मान

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के बगौरा निवासी व साहित्यकार डा. सुनील कुमार पाठक को भोजपुरी समीक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए कृष्णदेव उपाध्याय भोजपुरी साहित्य सम्मान-2025 प्रदान किए जाने की घोषणा हुई है। छवि और छाप%पढ़त-लिखत एवं भोजपुरी कविता रुचि आ रचाव आदि पुस्तकें पाठक की प्रमुख समीक्षा पुस्तकें हैं। जीवनोदय शिक्षा समिति गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा यह सम्मान 22-23 अगस्त 2025 को गाजीपुर में आयोजित होनेवाले समिति के वार्षिक समारोह में प्रदान किए जाने की घोषणा समिति के अध्यक्ष एवं लोकसाहित्य के मर्मज्ञ प्रो. रामनारायण तिवारी ने की है। साहित्य, संगीत एवं कला की विभिन्न विधाओं में समिति विद्वानों -कलाकारों को सम्मानित करती है। डा. पाठक को यह सम्मान दिए जाने की घोषणा का पर डा. ब्रजभूषण मिश्र, डा. प्रभाकर पाठक, जितेंद्र कुमार, डा. जौहर शाफियावादी, डा. हरेराम पाठक, डा. संतोष पटेल, सूर्यदेव पाठक पराग, कृष्ण कुमार, मुकुंद बिहारी, रंजन विकास, डा. राणा अवधूत, जनार्दन सिंह, मीनाधर द्विवेदी, प्रो. हरेंद्र हिमकर, दिनेश राय, डा. दिवाकर राय, डा. देवेंद्र तिवारी, कौशल मोहब्बतपुरी, उदयनारायण सिंह सहित अन्य कई साहित्यकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए स्वागत किया है।

## मारपीट में महिला घायल

**सिसवन (सिवान)** ~ चैनपुर ओपी क्षेत्र के मधवापुर गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला स्थानीय निवासी कामेश्वर सिंह की पत्नी मीना देवी है। जिसका इलाज रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया।

## डा. आंबेडकर के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा

**सिसवन (सिवान)** ~प्रखंड के कचनार के उत्तर टोला स्थित सूर्य मंदिर परिसर में गुरुवार को डा. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात गांव में बाबा साहब की शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा शामिल हुए। समारोह में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब किसी एक जाति के लिए कार्य नहीं किए, उन्होंने सभी जाति-धर्म के लोगों के लिए कार्य किया। आज कुछ लोगों को उनके विचारों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को आज लोग भगवान मानते हैं, लेकिन वे भगवान नहीं है बल्कि उन्होंने लोगों को इंसान बनना सिखाया। उनकी पूजा करने से ज्यादा उनके विचारों को समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मंच संचालन कमलेश बौद्ध ने किया। इस मौके पर जदयू नेता विजय सिंह कुशवाहा, राजन पटेल, मनोज सिंह कुशवाहा, रमेश तिवारी, विजय साह, हरिशंकर भगत, बलिराम साह, हरेंद्र ठाकुर, ललन यादव, विकास राम सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

**मैरवा (सिवान)।** भारतीय जनता पार्टी की जीरादेई विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन नौतन मोड़ स्थित एक मैरिज हाल में गुरुवार को हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण और सम्मानीय है। कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही आज भारतीय जनता पार्टी देश की ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार ने गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर जो काम किया है वह इसके पहले किसी सरकार ने नहीं किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत हर क्षेत्र में हुए विकास की चर्चा करते हुए कहा कि सभी क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कार्यकर्ता जनजन को अवगत काराएं और पूरी ताकत के साथ संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने के लिए तन-मन से कम काम करते रहें। भाजपा नेता राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर समाज और देश के विकास के लिए कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा लोगों की कल्याण के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र और हर तबके का विकास किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दो तिहाई बहुमत से बिहार में राजग सरकार बनाएगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, सिवान को-आपरेटिव चेयरमैन मनोज सिंह, प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार, परदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, मनोज जायसवाल, संदीप तुरहा, सरोज सिंह राणा, धर्मेंद्र मिश्रा, रामपुकार चौहान, चंद्रप्रकाश तिवारी, सौमिल उपाध्याय, राजकुमार बर्णवाल, सुमंत बर्णवाल, निशांत बर्णवाल, संदीप तुरहा, बिट्टू सिंह मौर्या, प्रमोद सिंह, सुधीर दुबे, धर्मेंद्र मिश्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बड़हरियागैस सिलेंडर फटने से लगी आग, दुकानदार झुलसा, रेफर

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बड़हरिया- जामो मुख्यमार्ग स्थित भामोपाली पुल के समीप गुरुवार को गैस सिलेंडर फटने एक मिठाई की दुकान में आग लग गई। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई। इस घटना में मिठाई दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दुकानदार का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। घायल दुकानदार भोपतपुरा पंचायत के विशुनपुरा निवासी भुटेली साह बताया जाता है।बताया जाता है कि भामोपाली पुल के समीप भुटेली साह मिठाई की दुकान चलाता है। वह गुरुवार की दोपहर मिठाई बना रहा था तभी दुकान में रखा दो गैस सिलेंडर अचानक फट गया और देखते ही देखते आग लग गई। अभी आसपास लोग कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान आसपास के लोग इधर-उधर भागने लगे। अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में दुकानदार पूरी तरह झुलस गया। घटना के दौरान अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। पुलिस ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दो अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाई। वहीं पुलिस ने घायल मिठाई दुकानदार को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लाई जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस घटना में कितने की संपत्ति जली है इसका आकलन नहीं हो पाया है।

## डा. आंबेडकर के जन्मदिन पर निकली शोभा यात्रा, विचारों को आगे बढ़ाने लिया गया संकल्प

**सिसवन (सिवान)** ~प्रखंड के कचनार के उत्तर टोला स्थित सूर्य मंदिर परिसर में गुरुवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब किसी एक जाति के लिए कार्य नहीं किए, उन्होंने सभी जाति-धर्म के लोगों के लिए कार्य किया। आज कुछ लोगों को उनके विचारों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को आज लोग भगवान मानते हैं, लेकिन वे भगवान नहीं है। बल्कि उन्होंने लोगों को इंसान बनना सिखाया। उनकी पूजा करने से ज्यादा उनके विचारों को समझने की जरूरत है। कार्यक्रम में बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान को याद किया गया। उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मंच संचालन कमलेश बौद्ध ने किया। इस मौके पर जदयू नेता विजय सिंह कुशवाहा, राजन पटेल, मनोज सिंह कुशवाहा, रमेश तिवारी, विजय साह, हरिशंकर भगत, बलिराम साह, हरेंद्र ठाकुर, ललन यादव, विकास राम सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है भाजपा ~स्वास्थ्य मंत्री संवाद

**मैरवा (सिवान)** ~भारतीय जनता पार्टी की जीरादेई विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन नौतन मोड़ स्थित एक मैरिज हाल में गुरुवार को हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण और सम्मानीय है। कार्यकर्ताओं के प्रयास से ही आज भारतीय जनता पार्टी देश की ही नहीं, बल्कि विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार ने गरीबों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर जो काम किया है। वह इसके पहले किसी सरकार ने नहीं किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क समेत हर क्षेत्र में हुए विकास की चर्चा करते हुए कहा कि सभी क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से कार्यकर्ता जनजन को अवगत काराएं और पूरी ताकत के साथ संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने के लिए तन-मन से कम काम करते रहें। भाजपा नेता राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा राष्ट्रीय भावना से प्रेरित होकर समाज और देश के विकास के लिए कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा लोगों की कल्याण के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र और हर तबके का विकास किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दो-तिहाई बहुमत से बिहार में राजग सरकार बनाएगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, सिवान को-आपरेटिव बैंक के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु कुमार, प्रदेश मंत्री नंद प्रसाद चौहान, मनोज जायसवाल, संदीप तुरहा, सरोज सिंह राणा, धर्मेंद्र मिश्रा, रामपुकार चौहान, चंद्रप्रकाश तिवारी, सौमिल उपाध्याय, राजकुमार बर्णवाल, सुमंत बर्णवाल, निशांत बर्णवाल, संदीप तुरहा, बिट्टू सिंह मौर्या, प्रमोद सिंह, सुधीर दुबे, धर्मेंद्र मिश्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारपीट में युवती घायल

**सिसवन (सिवान)** । थाना क्षेत्र के टरेनवां माधोपुर गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक युवती घायल हो गई। घायल युवती का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायल की पहचान रामायण राम की पुत्री सोनम कुमारी के रूप में हुई है।

## सर्पदंश से किशोर अचेत

सिसवन (सिवान) – थाना क्षेत्र के सिसवन गांव में गुरुवार को सर्पदंश से एक किशोर अचेत हो गया। स्वजन उसको इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराए। पीड़ित किशोर गांव के ही राजाराम साहनी का पुत्र आकाश कुमार साहनी है। बताया जाता है कि वह खेतों की ओर गया था, तभी उसे सांप ने डंस लिया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर 20 को

सिवान – शहर के कागजी मोहल्ला के दीनदयाल नगर स्थित सामुदायिक भवन में 20 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे आयोजित होगा। शिविर में हड्डी नस से संबंधित निःशुल्क मरीजों की जांच व इलाज किया जाएगा। शिविर में डा. फिरोज आलम, डा. अनूप दुबे आदि प्रमुख रूप से अपनी सेवा देंगे। शिविर को सफल बनाने सुमित्रा हास्पिटल सिवान के संस्थापक अनुराग कुमार, अंकित कुमार सिंह, आंसू कुमार, नितिन कुमार आदि लगे हुए हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**मैरवा (सिवान)** – मैरवा के भोपतपुरा में 568 करोड़ 84 लाख के लागत से बन रहे मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य का जायजा गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने लिया। उन्होंने निर्माण कार्य करा रही कंपनी के अधिकारी और इंजीनियर से निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही मेडिकल कालेज में हेलीपैड बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि इस साल के अंत तक अस्पताल सेवा चालू करने को लेकर निर्माण कार्य तेज रफ्तार में करने तथा मैन पावर को बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कुणाल कंस्ट्रक्शन के हेड इंचार्ज चेतन कटारिया तथा प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष कुमार, मनोज कुमार से मेन ब्लाक्स, रेसिडेंशियल ब्लाक्स, होस्टल ब्लाक्स, इंजीनियरिंग सर्विशेज, हास्पिटल सर्विशेज के बारे में प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। बताया गया कि बीएमएसआइसीएल के अधिकारी लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक कर्णजीत सिंह, पूर्व एमएलसी मनोज सिंह, राजीव प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू सिंह कुणाल कुमार, विनय सिंह, अंकित राय, अंकित पांडेय, पुष्कर सिंह आदि मौजूद थे।

## सिवान की हाकी टीम ने पंजवार को 3-1 से किया पराजित

**रघुनाथपुर (सिवान)** – प्रखंड के पंजवार गांव स्थित प्रभा प्रकाश डिग्री कालेज के खेल मैदान में गुरुवार को तीन दिवसीय हाकी प्रतियोगिता संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन बिहार हाकी एसोसिएशन के तत्वावधान में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक आयोजित हुआ। हाकी सिवान के सचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दो-दो सीनियर एवं जूनियर टीम ने भाग ली। इस दौरान तीन दिन की खेल में सिवान की सीनियर टीम ने पंजवार के जूनियर टीम को 3-1 से पराजित किया। उन्होंने बताया कि इस खेल में 14 वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया था। वहीं मुख्य अतिथि मुखिया राकेश कुमार सिंह द्वारा विजेता टीम के खिलाड़ियों को विजेता ट्राफी देकर उत्साह बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि विजेता सिवान की हाकी टीम स्टेट स्तर आयोजित खेल में भाग लेगी। इस मौके पर रमन तिवारी, मृत्युंजय राम, पूर्व पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह, हृदया सिंह सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## पुष्पगुच्छ देकर नए बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत

**मैरवा (सिवान)** – प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरुवार को शिक्षकों ने नए प्रभारी बीईओ धीरेंद्र ओझा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं इनके मैरवा में बीईओ के प्रभार में रहे नौतन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पुष्प माला पहनाकर विदाई दी। शिक्षकों ने नौतन के बीईओ चितरंजन कुमार राव की मैरवा में प्रभारी बीईओ के रूप में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए समय- समय पर निरीक्षण के दौरान दिए गए मार्गदर्शन और निर्देश को याद किया और उसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण व अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर अनवर हुसैन अंसारी, नरेश कुमार, शीला देवी, रमेश गुप्ता, उपेंद्र यादव, संतोष कुमार सिंह, वरुण कुमार, बृजेंद्र राय, मनोज कुमार समेत कई शिक्षक थे। बता दें कि विभागीय हित और प्रशासकीय दृष्टिकोण से सभी बीईओ को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए प्रखंड के बीईओ के रिक्त पदों पर पर्वेक्षीय स्तर के पदाधिकारी को प्रभार देने के अपर मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी ने मैरवा के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी धीरेंद्र ओझा को मैरवा बीईओ का अतिरिक्त प्रभार के रूप में प्रतिनियुक्त किया है।

## एसपी ने महिला व एससी-एसटी थाना का किया निरीक्षण

**परवेज अख्तर/सीवान।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने बुधवार की देर शाम महिला व एससी-एसटी थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कांडों की समीक्षा के साथ-साथ दोनों थानों की साफ सफाई, आंगतुकों के पहुंचने को लेकर व्यवस्था आदि का जायजा लिया। सबसे पहले एसपी ने थाना परिसर में स्थित बैरक का जायजा लिया। साथ ही थानाध्यक्ष के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में घूम-घूमकर निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की गहनता से जांच की। इस दौरान महिला प्रताड़ना से संबंधित अभिलेखों की भी बारीकी से अवलोकन किया। इस क्रम में महिला थानाध्यक्ष और एससी-एसटी थानाध्यक्ष ने केस से संबंधित कई जानकारी एसपी को दिए। साथ ही एससी-एसटी थानाध्यक्ष को आपराधिक घटना, एससी-एसटी से संबंधित लंबित कांडों को अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने थाना की संचिकाओं की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कांडों की भी समीक्षा की। एसपी ने लंबित कांडो के समय पर निष्पादन का निर्देश दिया। गंभीर मामलों में दर्ज हुए कांडो को प्राथमिकता लेते हुए निष्पादन का निर्देश दिया। इसके बाद एसपी ने थाने के पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया।

## ट्रेनों में छूटे यात्रियों के सामानों को बरामद कर रही आरपीएफ

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम के साथ यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 15 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, मऊ के स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या-15026 में यात्री का छूटा एक पर्स प्राप्त कर यात्री कुष्ण मोहन मिश्र को सुपुर्द किया गया। 15 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, सिवान के स्टाफ द्वारा गाड़ी संख्या-12554 में यात्री का छूटा एक पिठ्ठू बैग प्राप्त कर यात्री पीयूष कुमार को सुपुर्द किया गया है।

## धारदार हथियार से मारकर घायल करने का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान)** – थाना क्षेत्र के महम्मदा टोला निवासी रवींद्र सिंह ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही वीरेंद्र सिंह, पुत्र विवेक कुमार सिंह एवं अतुल कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस मामले में रवींद्र सिंह ने उक्त लोगों पर धारदार हथियार से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया है कि जब वे थाना से वापस घर लौट रहे थे, तभी सहसरांव पेट्रोल पंप से पहले ही बलुआ पर पूर्व से घात लगाकर बैठे उक्त तीनों लोगों ने धारदार हथियार और राड से प्रहार कर घायल कर दिया। वहीं पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जाता है।

# गर्मी में बिजली के गुल होने की बढ़ी समस्या, दो-दो घंटे में हो रहा पावर कट

**परवेज अख्तर/सीवान।** गर्मी तेज होते ही बिजली का संकट गहराता जा रहा है। दिन-रात अघोषित कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बार-बार बिजली गुल होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। शहर में जहां बिजली गुल रह रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पावर कट के साथ लो-वोल्टेज की समस्या बढ़ने लगी है। गौर करने वाली बात है कि प्रत्येक वर्ष यह दावा किया जाता है कि लोगों को जीरो पावर कट के साथ निर्बाध बिजली की आपूर्ति 24 घंटे की जाएगी। राज्य सरकार सरप्लस बिजली उत्पादन और सप्लाई का भी दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिखाती नजर आ रही है। गर्मी बढ़ने से पंखे, कूलर ऐसी का उपयोग बढ़ गया है। वहीं पिछले कई दिनों से शहर के कई हिस्सों में दिन भर में कई बार पावर कट हो रही है। कई हिस्से में 2-2 घंटे में बिजली गुल हो रही है। दूसरी और धीरे-धीरे गर्मी बढने के साथ ही केबल व लाइन में फाल्ट आने की शिकायत भी बढ़ रही है। जबकि बिजली विभाग अभी भी बकाया वसूली अभियान में लगा है। ऐसे दोहरी चुनौती से भी जूझना पड़ रहा है। विभाग की मनमर्जी का आलम यह है कि जिला मुख्यालय तक में बिजली की कटौती के लिए कोई भी समय सीमा नहीं रह गया है। प्रतिदिन घंटों बिजली कटौती के कारण लोगों को बगैर बिजली के रहने को विवश होना पड़ रहा है। इन दिनों दोपहर में झुलसाने वाली पछुआ गर्म हवाएं चल रही हैं। तेज धूप और गर्म हवाएं प्रचंड गर्मी का एहसास करा रही हैं। लू के लहर से बचने के लिए लोग दोपहर को बाहर कम ही निकल रहे हैं। इस कारण शहर की सड़कें भी दोपहर में सूनी हो जा रही हैं।

# सीवान : प्राथमिकी कराने को ले कई दिनों तक थाने का लगाना पड़ता है चक्कर

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में हो रहे आपराधिक घटनाओं से एक तरह आम जनता परेशान है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष को प्राथमिकी कराने के लिए कई दिनों तक थाना का चक्कर लगाना पड़ता है। जिले के अधिकांश थानों के सीसी कैमरे या फिर अन्य सूत्रों से पता लगाया जाए तो इसमें पीड़ित व स्वजन प्राथमिकी हेतु थाना के पुलिस पदाधिकारियों को अपनी आपबीती बताते हुए नजर आएंगे। ऐसे ही कुछ मामले प्रकाश में आए हैं। जानकारी के अनुसार गुठनी थाना के सेलौर में अरहर की फसल काटने के विवाद में पट्टीदारों ने अश्विनी कुमार चौधरी को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस घटना में अश्विनी कुमार का सिर फट गया था। घायल का उपचार निजी व सरकारी अस्पतालों में कराया गया। आठ अप्रैल को पीड़ित ने गुठनी थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया, लेकिन थाना का चक्कर लगाने के बाद पुलिस द्वारा प्राथमिकी 16 अप्रैल को की गई। इसी तरह नौतन थाना क्षेत्र के एक गांव में छह अप्रैल को एक युवती के साथ अश्लील हरकत किया गया। इस मामले में युवती द्वारा आठ अप्रैल को थाना में आवेदन दिया गया। प्राथमिकी के लिए पुलिस द्वारा कई दिनों तक थाना का चक्कर लगाने के बाद पुलिस द्वारा 15 अप्रैल को प्राथमिकी की गई है। ज्ञात हो कि सिसवन थाना की पुलिस द्वारा एक पीड़ित की प्राथमिकी समय से दर्ज नहीं की गई। इस कारण घटना का महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट हो गया। इसकी शिकायत जब मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली व पटना हुई तो मानवाधिकार के निर्देश पर हाल में ही सिसवन के तत्कालीन थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी की गई।

# पाठ्य पुस्तक मिलने से बच्चों के खिले चेहरे

**आंदर (सिवान)** – नए शैक्षिक सत्र शुरू होते ही सरकारी विद्यालयों में सभी कक्षाओं के लिए किताबें पहुंच गई है। कुछ सीआरसी केंद्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में भी किताब वितरण का कार्य शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में प्रखंड के उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय रकौली परिसर में प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख शिक्षक धर्मवीर सिंह द्वारा बच्चों के बीच किताब का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि कक्षा एक में 10, कक्षा दो में छह, कक्षा चार में 17, कक्षा पांच में 14, कक्षा छह में 17, कक्षा सात में 24, कक्षा आठ में 30 यानी कुल 118 बच्चों के बीच किताब का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों को कक्षा संचालन एवं पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो, इसको लेकर समय पर किताब उपलब्ध करा दी गई है। अब सरकारी विद्यालय के बच्चे बेहतर ढंग से पढाई कर सकेंगे। किताब मिलते ही बच्चों के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। बच्चों ने बताया कि इस बार पहले किताब मिल जाने से शिक्षा ग्रहण में सुविधा होगी। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से कहा कि समय पर बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। साथ ही अपने पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर कक्षा में बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस मौके पर शिक्षिक शोभा रानी, मो. असगर अली, कुमारी सुनीता, संध्या कुमारी, सुधीर मोहन, श्रुति राय, सावित्री कुमारी, कुमारी नीलम गुप्ता समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## मां- बेटे को मारपीट कर घायल करने के मामले में आठ नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)** – थाना क्षेत्र के सिंगारपट्टी निवासी अनीता देवी ने 14 अप्रैल को थाने में आवेदन देकर गांव के ही आठ लोगों पर पूर्व के विवाद को ले मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। उसने अपने आवेदन में बताया है कि 13 अप्रैल की शाम उनके पड़ोसी अमित साह, संदीप साह एवं उसके स्वजनों ने पूर्व के विवादों को लेकर 0गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा उनके कान से सोने की झाली एवं मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले। पुनः 14 अप्रैल की सुबह अमित साह एवं संदीप साह मेरे दरवाजे पर आकर मेरे पुत्र मनीष कुमार के साथ मारपीट करते हुए उसे पटक दिया और उसका गला दबा रहे थे। जब मैं अपने पुत्र को बचाने गई तो मुझे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर घटना की जांच की जा रही है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने दिया धरना

**गोरेयाकोठी (सिवान)** – प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने महाराजगंज के जिला संयोजक हिमांशु कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ धरना दिया। जिला संयोजक ने बताया कि स्नातक द्वितीय खंड का परीक्षाफल बिना जारी किए ही तृतीय खंड की परीक्षा प्रपत्र को भरने की अधिसूचना जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने जारी किया था। एक दिन पूर्व ही नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से कुलपति को संबंधित आवेदन दिया गया था। इसका प्रमुख कारण यह था कि छात्रों का कहना था कि बिना परीक्षाफल घोषित हुए वे अगले खंड का परीक्षा प्रपत्र नहीं भरेंगे। छात्रों की बातों को दरकिनार करते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा प्रपत्र भरना शुरू कर दिया। परिषद के प्रदेश सह मंत्री मनोज कुमार गुप्ता का कहना था कि छात्रों की मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में चरणवद्ध आंदोलन का सामना करने के लिए भी विश्वविद्यालय को तैयार रहना होगा। इस अवसर पर शालिनी कुमारी, निशा कुमारी, माला कुमारी, प्रतिमा कुमारी, दीक्षा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियांशु कुमार, अजय कुमार यादव आदि मौजूद थे।

